(Pages : 3) **H – 1013**

Reg. No. : ....

Name : ....

First Year B.A. Degree Examination, September 2019

Part III (Group - III) : Hindi Language and Literature

Main Paper – I : PROSE

Time : 3 Hours Max. Marks : 100

I. किन्हीं तीन अवतरणों की व्याख्या कीजिए। प्रत्येक खण्ड से कम से कम एक चुन लीजिए।

खंड – अ

1. जिस नुकीली पैनी चोंच से वह भयंकर विषधर को खंड–खंड कर सकता था, उसी से मेरी हथेली पर रखे हुए भुने चने ऐसी कोमलता से हौले–हौले उठाकर खाता था कि हँसी भी आती थी और विस्मय भी होता था।

2. मैं किसी पर मुकदममा चलाना नहीं चाहता। जब अंसली और बात लोगों पर प्रकट हो जाएगी और लोग जान जाएँगे तब अपने–आप पछतायेंगे।

3. साहित्यकार बहुधा अपने देश–काल से प्रभावित होता है। जब कोई लहर देश में उठती है तो साहित्यकार केलिए उससे अविचलित रहना असम्भव हो जाता है।

खंड – आ

4. नहीं – नहीं, प्लोमर, लोग समझेंगे कि सरकार ने हड़ताल बन्द करवायी है, हमें सामने नहीं आना चाहिए। यह काम अपने खुफिया पुलिस के लोगों से करवाओ।

5. तुम्हें दिन–दिन भी बाहर रहना था तो व्याह क्यों किया था? मैं सारा–सारा दिन बैठी तेरी राह देखती रहती हूँ। दिन–भर कौवे उड़ाती रहा करूं?

6. फिर आप सो क्यों नहीं पाते? क्या यह विचार आप के मन में उठने लगा है, कि गोली चलाकर अपने भूल की थी।

(3 × 6 = 18 Marks)

P.T.O.

gcvcentrallibrary.in

II. किन्हीं दो प्रश्नों का उत्तर लिखिए।

1. पुलिस सुपरिन्टेन्डेन्ट अलेक्ज़ेण्डर ने भीड़ से गाँधीजी को कैसे बचाया?

2. आचार्य रामचन्द्र शुक्लजी के मत में सच्चा देश–प्रेम क्या है?

3. जीवन और साहित्य के संबंध में प्रेमचन्द का दृष्टिकोण क्या है?

4. साँप के मुँह में पड़े खरगोश को नीलकंठ मोर ने कैसे बचा लिया?

(2 × 10 = 20 Marks)

III. किन्हीं दो प्रश्नों के उत्तर लिखिए।

1. जनरल डायर के चरित्र पर प्रकाश डालिए।

2. 'जालियनवालाबाग के नृशंस हत्या' का विवरण देने में 'रंग दे बसन्ती चोला' किस हद तक सफल हुआ है?

3. रतनदेवी के चरित्र पर प्रकाश डालिए।

4. 'रंग दे बसन्ती चोला' के अंग्रेजी पात्रों के आलोचनात्मक परिचय दीजिए।

(2 × 10 = 20 Marks)

IV. किसी एक प्रश्न का उत्तर लिखिए।

1. 'सेवासदन' के आधार पर प्रेमचंद के आदर्शोन्मुख यथार्थ पर विचार कीजिए।

2. प्रेमचंद की औपन्यासिक कला का परिचय दीजिए।

3. 'सेवासदन' के प्रमुख पात्रों की चरित्रगत विशेषताओं पर प्रकाश डालिए।

(1 × 10 = 10 Marks)

V. किसी एक प्रश्न का उत्तर लिखिए।

1. 'आप का बंटी' उपन्यास के शीर्षक की सार्थकता पर विचार प्रस्तुत कीजिए।

2. "बंटी किन्हीं दो–एक घरों में नहीं आज के अनेक परिवारों में साँस ले रहा है" उपन्यासकार के इस वक्तव्य पर अपना मत प्रकट कीजिए।

3. 'पारिवारिक विघटन की त्रासदी को झेलनेवाले बच्चों का प्रतिनिधि है – बंटी' – इस कथन की समीक्षा कीजिए।

(1 × 8 = 8 Marks)

gcwcentrallibrary.in

VI. किन्हीं **दो** प्रश्नों के उत्तर लिखिए।

1. 'दिल्ली में एक मौत' के संदर्भ में कमलेश्वर की कहानी कला पर लेख लिखिए।

2. 'बाप–बेटी' में भीष्म साहिनी जी ने कौन–सी समस्या को चित्रित किया है?

3. मोहन राकेश की कहानी 'मलबे का मालिक कहानी' का प्रतिपाद्य क्या है?

4. 'लेटर बाक्स' में अभिव्यक्त बाल मनोविज्ञान पर अपना मत प्रकट कीजिए।

(2 × 8 = 16 Marks)

VII. किसी **एक** प्रश्न के उत्तर लिखिए।

1. 'महादेवी : स्मृति की रेखाएँ' – संस्मरण की विशेषताओं पर विचार कीजिए।

2. 'प्रसाद जैसे मैं ने पाया' - में चर्चित बातों का परिचय दीजिए।

3. 'मधुरता की मंजुल मूर्ति' पर शिवपूजन सहाय ने नलिन विलोचन शर्मा से संबंधित किन–किन बातों पर प्रकाश डाला है।

(1 × 8 = 8 Marks)

gcwcentrallibrary.in